प्रेस नोट जनपद रामपुर दिनांक-14.03.2023

श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर स्थित सभागार कक्ष में किया गया अपराध गोष्ठी का आयोजन-

दिनांक 14-03-2023 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री अशोक कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर स्थित सभागार कक्ष में क्षेत्राधिकारियों, थाना/शाखा प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी की गयी, जिसमें सभी को निर्देशित किया गया कि थाना क्षेत्र में होनी वाली हर गतिविधि पर नजर रखें। उच्चाधिकारीगण या थाना स्तर पर प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों पर संज्ञान लेते हुए उनका तत्काल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। थानों पर लम्बित विवेचनाओं का गुणवत्ता व सत्यता के आधार पर जल्द निस्तारण करायें। असामाजिक तत्वों पर सर्तक दृष्टि रखने, अपराध नियन्त्रण व अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने आदि के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।